हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

18 जनवरी 2025, समय 1810

समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वामित्व योजना के अंतर्गत वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित किए।

- प्रयागराज महाकुंभ में आज लाखों श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच कुंभ स्नान किया।

- हरियाणा शिक्षा विभाग एवं हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वावधान में आज पानीपत में राज्य स्तरीय सूर्य नमस्कार समारोह का आयोजन किया गया।

- शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में योग की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।
- हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति का चुनाव कल होगा।

**********************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वामित्व योजना के अंतर्गत आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित किए। यह संपत्ति कार्ड दस राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के 50 हजार से अधिक गांवों में वितरित किए गए।इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वामित्व योजना लागू होने के बाद से पिछले पांच वर्षों में दो करोड़ 25 लाख से अधिक लोगों को संपत्ति के पक्के कानूनी दस्तावेज जारी किए गए हैं। श्री मोदी ने कहा संपत्ति के उचित दस्तावेज होने से विवाद नहीं होगा, बैंकों से ऋण मिल पाएगा और अवैध अतिक्रमण से संरक्षण मिलेगा। उन्होंने कहा कि संपत्ति के वैध दस्तावेज होने से आपदा के मामले में उचित दावा भी मिल पाएगा।

श्री मोदी ने कहा -

<u>स्वामित्व योजना से गांव के विकास की प्लानिंग और उस पर अमल अब काफी बेहतर हो रहे हैं आज हमारे पास स्पष्ट नक्शे होंगे तो विकास के काम की प्लानिंग भी सटीक होगी अब प्रॉपर्टी राइट्स मिलने से ग्राम पंचायत की मुश्किलें भी दूर होगी।</u>

श्री मोदी कहा कि हरियाणा, उत्तराखंड, गोवा, त्रिपुरा, पुडुचेरी, अंडमान निकोबार द्वीप समूह में यह योजना पूरी तरह से लागू हो चुकी है।पिछले सात से आठ वर्षों में देश में 98 प्रतिशत जमीन के रिकॉर्ड डिजिटल किए जा चुके हैं।

*************************************************************************

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में आज छठे दिन भी लाखों श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई।

अब तक साढ़े सात करोड़ से अधिक श्रद्धालु, महाकुंभ स्नान कर चुके हैं।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी प्रयागराज पहुंचे। उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच त्रिवेणी संगम में कुंभ स्नान किया। उनके साथ सुधांशु त्रिवेदी सहित भारतीय जनता पार्टी के कई नेता मौजूद रहें। वह गंगा आरती में भी शामिल हुए।रक्षा मंत्री ने सेना के अधिकारियों से मुलाकात भी की।

*************************************************************************

हरियाणा शिक्षा विभाग एवं हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वावधान में आज पानीपत के आर्य कन्या पब्लिक स्कूल में राज्य स्तरीय सूर्य नमस्कार समारोह का आयोजन किया गया।

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने समारोह को बतौर मुख्यातिथि शिरक़त की। सूर्य नमस्कार समारोह को संबोधित करते हुए श्री महिपाल ढांडा ने योग के महत्व पर बल देते हुए कहा कि नियमित रूप से योग करने वाला व्यक्ति किसी भी चुनौती का सामना कर सकता है।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की परिकल्पना को साकार करने में योग महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। क्योंकि इससे शरीर ही नहीं मन भी स्वस्थ रहता है।

उन्होंने कहा कि श्री मोदी के सबल प्रयास से देश एक बार फिर विश्व गुरु बनने की तरफ बढ़ रहा है।कार्यक्रम में मंत्री ने स्वयं भी कुछ समय सूर्य नमस्कार किया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष डाक्टर जयदीप आर्य ने कहा कि आज प्रदेशभर के निजी व सरकारी विद्यालयों में सूर्य नमस्कार किया जा रहा है जिसमे लाखो बच्चे ऑनलाइन व ऑफलाइन मोड़ से जुड़े हैं।राज्य शिक्षा एवं अनुसंधान परिषद गुरुग्राम के संयुक्त निदेशक सुनील बजाज कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल हुए।

**********************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस रेडियो कार्यक्रम की 118वीं कड़ी होगी।यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और मोबाईल ऐप NewsOnAIR पर भी प्रसारित किया जाएगा। यह कार्यक्रम आकाशवाणी, दूरदर्शन, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यू ट्यूब चैनलों पर उपलब्ध रहेगा।आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम के हिन्दी में प्रसारण के तुरंत बाद यह कार्यक्रम क्षेत्रीय भाषाओं में भी प्रसारित किया जाएगा।

**********************************************************************

हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति का चुनाव कल होगा। हमारे संवाददाता ने बताया है कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति की 40 सीटों पर चुनाव के लिए कुल 164 उम्मीदवार मैदान में है। मतदान के लिए हरियाणा के 22 जिलों में 40 वार्डों में बूथ बनाए गए हैं। इन बूथों पर तीन लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

चुनाव परिणाम आने के बाद निर्वाचित सदस्य समिति के प्रधान समेत विभिन्न पदाधिकारियों का चुनाव करेंगे। अंबाला से हमारे संवाददाता ने बताया है कि उपयुक्त पार्थ गुप्ता ने चुनाव के मद्देनजर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धार 163 लगाने के आदेश जारी किए हैं। अंबाला में मतदान के लिए 54 बूथ बनाए गए हैं।

**********************************************************************

जींद शहर के समीप रानी तालाब के सामने स्थित गुरूद्वारा तेग बहादुर साहिब के निकट खाली पड़ी जमीन पर पार्किंग बनाई जाएगी और शहर से अवैध कब्जे हटाए जाएंगे।आज इस जमीन का निरीक्षण करने पहुंचे विधानसभा उपाध्यक्ष डॉक्टर कृष्ण मिड्ढा ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए बताया -

उन्होंने कहा कि पार्किंग बनाने से जींद शहर में आने-जाने वाले लोगों को पार्किंग की समस्या से निजात मिलेगी। इस जमीन पर झुग्गी वासियों को हटाने बारे पूछे जाने पर उन्होंने कहा -

बी जे पी प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ोली पर लगे आरोपो पर उन्होंने कहा कि इस मामले में कोई तथ्य सामने नही आया हैं।

-------------